दिन–मंगलवार दिनांक– 10 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। सुपौल के निर्मली में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि अगले पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है। महिलाओं को रोजगार के लिए दो–दो लाख रुपये दिये जायेंगे। श्री कुमार ने कहा कि उनके शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के एक नई दिशा दी है। राज्यसभा जाने के बावजूद राज्य की नई सरकार को उनका लगातार मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पांच सौ उनहत्तर करोड़ रुपये लागत वाली दो सौ तेरह विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री अभी मधेपुरा में समृद्धि यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

लोकसभा में आज विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। पचास से अधिक सांसदों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। जिसके बाद पीठासीन पदाधिकारी ने प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी। प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा के लिए एक जिम्मेदारी के रूप में लाया गया है। प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। चर्चा के लिए दस घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

————————————————————————

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम उन्नीस सौ पंचानवे लागू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी

उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर ईंधन और अन्य आवश्यक पाइपलाइन परिचालन आवश्यकता वाले क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आपूर्ति को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के सौ प्रतिशत परिचालन उपलब्धता के अधीन बनाए रखा जाएगा।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार ने भूमि सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। पटना में विभागीय उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि उद्योगों के लिए सभी जिलों में भूमि बैंक बनाने के निर्देश दिये गये हैं। पारिवारिक बंटवारा पोर्टल शुरू किया गया है। साथ ही दाखिल–खारिज के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की गयी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन पर कब्जा दिलाने की पुलिसिया संस्कृति को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के तत्काल निपटारे के लिए सरकार ने कई ठोस कदम उठाए हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी ने कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक को वापस ले लिया है। इस पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाला अध्याय शामिल था। एनसीईआरटी ने माफी मांगते हुए कहा कि पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि कल भी राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघगर्जन तथा वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।